रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एन)—73 REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 16] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 20, 1985 (चैत्र 30, 1907)
No. 16] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 20, 1985 (CHAITRA 30, 1907)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड-1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	371
भाग I—खण्ड-2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	499
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गये संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	3
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियां आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	511
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड-1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपलब्धियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए सांविधिक नियम और आदेश	
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	13059
भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	349
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं आदेश, विज्ञापन, और नोटिस शामिल हैं	967
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	63
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़े को दिखाने वाला अनुपूरक	

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	371
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	499
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued *by the Ministry of Defence*	3
PART I—SECTION 4—Notification regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	511
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, by-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..	
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	13059
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	349
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	967
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	63
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	

*Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 6 अप्रैल 1985

सं० 38-प्रेज/85—राष्ट्रपति दिल्ली पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री राम चन्द्र सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल सं० 614/एन,
दिल्ली पुलिस।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

13/14 मार्च, 1984 की रात्रि को थाना कश्मीरी गेट के कांस्टेबल राम चन्द्र सिंह, मोरी गेट के बाहर स्कूल रोड़ क्षेत्र में एक अन्य कांस्टेबल के साथ गश्ती ड्यूटी पर थे। इस क्षेत्र में खूब लूटपाट होती थी। प्रातः लगभग 5.20 बजे जब दोनों कांस्टेबल पुलिस सहायता बूथ के पास खड़े थे, तो उन्होंने तीन युवकों को मोरी गेट की ओर से संदिग्ध परिस्थिति में आते हुए देखा। पुलिस को ड्यूटी पर देखकर वे पीछे मुड़ गए। दोनों कांस्टेबलों ने उनका पीछा किया और निकलसन रोड़ पर छोटती मंजिल के पास एक गली में घेर लिया। आततायियों में से एक ने रिवाल्वर निकाला और कांस्टेबल राम चन्द्र सिंह पर दो गोलियां चलाई। एक गोली कांस्टेबल राम चन्द्र सिंह के कूल्हे के दायें ओर लगकर पेट में घुस गई। कांस्टेबल राम चन्द्र सिंह ने निहत्था होते हुए भी आततायियों का पीछा करने का प्रयास किया और अपना कर्तव्य पालन करते हुए उन्होंने अपना जीवन न्यौछावर कर दिया दूसरे कांस्टेबल ने भी उनका पीछा किया, किन्तु संदिग्ध युवक बचकर भाग गए।

इस प्रकार श्री राम चन्द्र सिंह, कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 14 मार्च, 1984, से दिया जाएगा।

सं० 39-प्रेज/85—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री इन्द्र सिंह,
पुलिस उप महानिरीक्षक,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
एजल,
मिजोरम।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

22 दिसम्बर, 1983, को लगभग 9.00 बजे (पूर्वाह्न) 33 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का कांस्टेबल राज सिंह जब मेहरपुर, सिलचर, में ट्रांजिट कैम्प के मैगजीन गार्ड पर संतरी की ड्यूटी दे रहे थे तो अचानक उसने [illegible] श्री [illegible], [illegible], तथा श्री [illegible], उप-निरीक्षक, तथा श्री नरेश प्रसाद, रेडियो आपरेटर, की हत्या कर दी। उसने अन्य लोगों को दूर भागने के लिए उसी समय कुछ और राउंड चलाए और गोली लगने के कारण श्री बलबीर सिंह, कांस्टेबल, भी जख्मी हो गए। इस घटना के कारण कैम्प में आतंक छा गया क्योंकि सभी हथियार मैगजीन कक्ष में रख दिए गए थे। यह सब कांस्टेबल राज सिंह ने इस लिए किया कि उसके विचार में छुट्टी मंजूर करने के संबंध में उसके साथ अन्याय किया गया। उनके पास अतिरिक्त मैगजीनों के साथ दो भरी हुई एस० एल० आर० थी। इसी दौरान मजिस्ट्रेट और जिला पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और उसे आत्मसमर्पण करने को कहा। कांस्टेबल राज सिंह ने उप-महानिरीक्षक इन्द्र सिंह जो उस समय सिलचर गए हुए थे, के सामने आत्मसमर्पण करने का वायदा किया। श्री के० लालछुंगा, दक्षिणी रेंज के उप-महानिरीक्षक, और श्री जे० आर० सालीग्राम, पुलिस अधीक्षक, घटनास्थल पर पहुंचे और कांस्टेबल राज सिंह को निरस्त्र करने के लिए योजनाएं तैयार कीं। फिर भी उन्होंने श्री इन्द्र सिंह, उप-महानिरीक्षक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, के पहुंचने तक प्रतीक्षा करने का निर्णय किया। तत्पश्चात् श्री इन्द्र सिंह वहां आए और उन्होंने श्री के० लालछुंगा सहित श्री राज सिंह को आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया। लेकिन उसने ऐसा करने से इंकार कर दिया। श्री इन्द्र सिंह ने हिम्मत नहीं हारी और उस पर विजय पाने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहे। इसलिए वह अपराधी को पकड़ने की योजना बनाते रहे। लगभग 2135 बजे अपराधी राज सिंह स्वयं आग तापने के लिए मैस के भोजनालय के भीतर जाना चाहते थे। श्री जे० आर० सालीग्राम, पुलिस अधीक्षक, भी वहां पर उपस्थित थे और श्री के० लालछुंगा, उप-महानिरीक्षक, दक्षिणी रेंज, वी० आई० पी० रूम में थे। जब अपराधी तंग रास्ते से भोजनालय की ओर जा रहा था तो श्री इन्द्र सिंह ने पकड़ने का प्रयत्न किया। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री इन्द्र सिंह बिजली के समान तेज गति से अपराधी राज सिंह पर कूदे और उसे पीछे से पकड़ लिया। अपराधी ने अपने आपको छुड़ाने की पूरी कोशिश की, परन्तु श्री इन्द्र सिंह ने ढील नहीं छोड़ी और राइफल को मजबूती के साथ पकड़ा। फिर भी, अपराधी बाईं ओर घूमा और एक गोली चलाई जो सौभाग्यवश आकाश की ओर गई। अपराधी ने पुनः श्री इन्द्र सिंह को अपनी राइफल का निशाना बनाया तथा दो और गोलियां चलाईं परन्तु श्री इन्द्र सिंह ने इसे मजबूती से आकाश की ओर पकड़े रखा। इसी समय श्री के० लालछुंगा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, साथ के वी० आई० पी० रूम से भागे और कांस्टेबल राज सिंह को कमर से पकड़ लिया। अपराधी पर काबू पाने के लिए लड़ते समय श्री लालछुंगा तंग रास्ते में गिर पड़े। इसी दौरान श्री इन्द्र सिंह ने अपनी पूर्व स्थिति को पुनः प्राप्त किया और अपराधी को पकड़ा तथा उसे नीचे पछाड़ दिया। उसी समय श्री सालीग्राम, पुलिस अधीक्षक, भी घटनास्थल पर पहुंचे और श्री इन्द्र सिंह ने उसे अपराधी की एस० एल० आर० राइफल जिसे उसने अपने पांव के नीचे मजबूती से दबा रखा था, को छीनने का आदेश दिया। अन्ततः अपराधी राज सिंह को निःशस्त्र करके उस पर काबू पा लिया।

इस प्रकार श्री इन्द्र सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक, ने अदम्य साहस, शूरता और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 22 दिसम्बर, 1983, से दिया जाएगा।

सं० 40-प्रेज/85—राष्ट्रपति असम पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथ पद

श्री के० लाल छुंगा,
पुलिस उप-महानिरीक्षक, एस० आर०,
जिला कछार,
असम।

श्री जे० आर० सालीग्राम,
पुलिस अधीक्षक,
जिला कछार,
असल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

22 दिसम्बर, 1983, को लगभग 9.00 बजे (पूर्वाह्न), 3 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कांस्टेबल राज सिंह जब मेहरपुर, सिलचर, में ट्रांजिट कैम्प के मैगजीन गार्ड पर संतरी की ड्यूटी दे रहे थे तो अचानक उसने गोली चलाई और श्री बाबू लाल शर्मा, उप-निरीक्षक, श्री युधिष्ठर, उप-निरीक्षक, तथा श्री नरेश प्रसाद, रेडियो आपरेटर, की हत्या कर दी। उसने अन्य लोगों को दूर भगाने के लिए उसी समय कुछ और राऊंड चलाए। गोली लगने के कारण श्री बलबीर सिंह, कांस्टेबल, भी जख्मी हो गए। इस घटना के कारण कैम्प में आंतक छा गया क्योंकि सभी हथियार मैगजीन कक्ष में रख दिए गए थे। यह सब कांस्टेबल राज सिंह ने इसलिए किया कि उसके विचार में छुट्टी मंजूर करने के संबंध में उसके साथ अन्याय किया गया। उसके पास अतिरिक्त मैगजीनों के साथ दो भरी हुई एस० एल० आर० थीं। इसी दौरान मजिस्ट्रेट और जिला पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और उसे आत्मसमर्पण करने को कहा। कांस्टेबल राज सिंह ने अपने उप-महानिरीक्षक इन्द्र सिंह जो उस समय सिलचर गए हुए थे, के सामने आत्म-समर्पण करने का वायदा किया। श्री के० लालछुंगा, दक्षिणी रेंज के उप-महानिरीक्षक, और श्री जे० आर० सालीग्राम, पुलिस अधीक्षक, घटनास्थल पर पहुंचे और कांस्टेबल राज सिंह को निःशस्त्र करने के लिए योजनाएं तैयार कीं। फिर भी उन्होंने श्री इन्द्र सिंह, उप-महानिरीक्षक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, के पहुंचने तक प्रतीक्षा करने का निर्णय किया। तत्पश्चात् श्री इन्द्र सिंह वहां आए और उन्होंने श्री के० लालछुंगा सहित श्री राज सिंह को आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया। लेकिन उसने ऐसा करने से इंकार कर दिया। श्री इन्द्र सिंह ने हिम्मत नहीं हारी और उस पर विजय पाने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहे। इसलिए वह अपराधी को पकड़ने की योजना बनाते रहे। लगभग 21.35 बजे अपराधी राज सिंह स्वयं आग तापने के लिए मैस के भोजनालय के भीतर जाना चाहते थे। श्री के० आर० सालीग्राम, पुलिस अधीक्षक, भी वहां पर उपस्थित थे और श्री के० लालछुंगा, उप-महानिरीक्षक, दक्षिणी रेंज, वी० आई० पी० रूम में थे। जब अपराधी तंग रास्ते से भोजनालय की ओर जा रहा था तो श्री इन्द्र सिंह ने पकड़ने का प्रयत्न किया। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री इन्द्र सिंह बिजली की भांति तेज गति से अपराधी राज सिंह पर कूदे और उसे पीछे से पकड़ लिया। अपराधी ने अपने आपको छुड़ाने की पूरी कोशिश की परन्तु श्री इन्द्र सिंह ने ढील नहीं छोड़ी और राइफल को मजबूती के साथ पकड़ा। फिर भी अपराधी बाई ओर घूमा और एक गोली चलाई जो सौभाग्यवश आकाश की ओर गई। अपराधी ने पुनः श्री इन्द्र सिंह को अपनी राइफल का निशाना बनाया तथा दो और गोलियां चलाईं। परन्तु श्री इन्द्र सिंह ने इसे मजबूती से आकाश की ओर पकड़े रखा। इसी समय श्री के० लालछुंगा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, साथ के वी० आई० पी० रूप से भागे और कांस्टेबल राज सिंह को कमर से पकड़ लिया। अपराधी पर काबू पाने के लिए गुत्थे समय श्री लालछुंगा तंग रास्ते में गिर पड़े। इसी दौरान श्री इन्द्र सिंह ने अपनी पूर्व स्थिति को पुनः प्राप्त किया और अपराधी को पकड़ा तथा उसे नीचे पछाड़ दिया। उसी समय श्री सालीग्राम, पुलिस अधीक्षक, भी घटनास्थल पर पहुंचे और श्री इन्द्र सिंह ने उसे अपराधी की एस० एल० राइफल जिसे उन्होंने अपने पांव के नीचे मजबूती से दबा रखा था, को छीनने का आदेश दिया। अन्ततः अपराधी राज सिंह को निःशस्त्र करके उस पर काबू पा लिया।

इस संक्रिया में श्री के० लालछुंगा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, और श्री जे० आर० सालीग्राम, पुलिस अधीक्षक, ने साहस, सूझबूझ और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 22 दिसम्बर, 1983, से दिया जाएगा।

सं० 41-प्रेज/85—राष्ट्रपति राजस्थान पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री मोहन सिंह राठौर,
पुलिस अतिरिक्त अधीक्षक,
हनुमानगढ़,
राजस्थान।

श्री उमेद सिंह,
कांस्टेबल सं० 1134,
(अब हैड कांस्टेबल ए० पी० 169),
जिला श्रीगंगानगर,
राजस्थान।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

डाकू मनीराम थोरी ने हनुमानगढ़ क्षेत्र में भय का आंतक फैला रखा था। 24 जुलाई, 1981, को डाकू मनीराम थोरी अपने साथियों के साथ थाना टीबी के अन्तर्गत गांव साहरणी की दाणी में लूट-पाट करने के लिए पहुंचा। डाकुओं ने गांव वालों को भयभीत करने के लिए अपनी 303 राइफलों से गोलियां चलाईं और उनकी सम्पत्ति लूटी। वे साहरणी की दाणी गांव से ट्रेक्टर में लूट की सम्पत्ति को लेकर चले गए और गांव भूटोला (हरियाणा) की ओर बढ़े जहां उन्होंने राजा राम जाट की हत्या कर दी। राजस्थान में प्रवेश करते समय पुलिस दल ने डाकुओं से पूछताछ की, किन्तु वे हनुमानगढ़ की ओर भागे। पुलिस ने डाकुओं का पीछा किया। जवाबी गोलीबारी में पुलिस दल के साथ जा रही एक निजी जीप का ड्राइवर मारा गया।

25 जुलाई, 1981, को श्री मोहन सिंह राठौर, पुलिस अतिरिक्त अधीक्षक, को डाकुओं की उपस्थिति की सूचना मिली। वह कांस्टेबल उमेद सिंह सहित घटनास्थल पर पहुंचे। जिला पुलिस से एक अन्य पुलिस दल भी घटना के स्थान पर पहुंच गया। दोनों पुलिस दलों ने डाकुओं का 6 किलोमीटर तक पीछा किया। भागते हुए अपराधियों ने गांव वासियों से एक ऊंट और एक ट्रैक्टर छीन लिए और गांव दौलतपुरा की ओर भाग। श्री राठौर ने तुरन्त दो दल बनाए और स्वयं जीप में डाकुओं का पीछा किया। ड्राइवर उन्हें एक घुमावदार सड़क से डाकू के ट्रेक्टर के नजदीक ले गया। श्री राठौर और कांस्टेबल उमेद सिंह डाकू मनी राम पर टूट पड़े और उन्होंने उसे गोली चलाने का मौका नहीं दिया तथा कसकर पकड़ लिया। उन्होंने उसे ट्रेक्टर से खेंच लिया। बाद में डाकू मनी राम को आर० ए० सी० जवानों की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया। लूटी गई सम्पत्ति और एक ट्रैक्टर के अतिरिक्त दो भरी हुई पिस्तौलें उससे बरामद की गईं।

इस मुठभेड़ में श्री मोहन सिंह राठौर, पुलिस अतिरिक्त अधीक्षक, और श्री उमेद सिंह, कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 25 जुलाई, 1981, से दिया जाएगा।

सं० 42-प्रेज/85—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री देवकरण भारद्वाज,
उप-निरीक्षक सं० 665770 26,
77 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

श्री देवकरण भारद्वाज, उप-निरीक्षक, को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सर्वेक्षण दल के साथ सीमा सुरक्षा बल के संरक्षक दल के कमांडर के रूप में सोनाहाट में तैनात किया गया था।

24 अप्रैल, 1984, की रात के लगभग 10.45 बजे श्री भारद्वाज ने बंगला देश राइफल के कार्मिकों की उनके बंकरों में कुछ असामान्य गतिविधियां देखीं। इसके बाद, श्री भारद्वाज और उनके दल पर बंगला देश राइफल्स द्वारा भारी गोलीबारी की गई। श्री देवकरण भारद्वाज, उप-निरीक्षक, विचलित नहीं हुए और अपने दल पर पूर्ण कमांड और नियंत्रण बनाए रखा। उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के संरक्षक दल और केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सर्वेक्षण दल को मोर्चे संभालने का आदेश दिया। बंगला देश राइफल्स ने अपने लाभदायक मोर्चों के कारण दल को पूर्णतः दबा दिया। बंगला देश राइफल्स और सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ियां एक दूसरे के बहुत निकट थीं और सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी द्वारा चलाई गई गोलियों से उनके अपने जवानों की सुरक्षा को खतरा हो सकता था। उप-निरीक्षक भारद्वाज जब अपने दल और सर्वेक्षण दल का बचाव कर रहे थे तो उनका दायां पैर गोली से जख्मी हो गया। जख्मों की परवाह न करते हुए उन्होंने अपने लोगों में विश्वास बनाए रखा और उन्हें सफलतापूर्वक निकाल कर सुरक्षित स्थान पर ले गए।

श्री देवकरण भारद्वाज, उप-निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 24 अप्रैल, 1984, से दिया जाएगा।

सं० 43-प्रेज/85—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री मैनेजर पांडेय,
पुलिस अधीक्षक,
देहरादून।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

12 फरवरी, 1983, को रात के लगभग 2.00 बजे दो ट्रक ड्राइवरों ने क्लेमेंट नगर के उप-निरीक्षक को सूचित किया कि एक एकान्त स्थान पर कुछ सशस्त्र अपराधियों ने मुख्य देहरादून-सहारनपुर राजमार्ग पर उनके ट्रकों को रोकने का प्रयास किया। गाड़ियों को रोकने के लिए अपराधियों ने मुख्य सड़क पर कुछ पत्थर रख दिए। परन्तु अपराधियों द्वारा गोलियां चलाने पर भी ड्राइवर भागने में सफल हो गए। श्री मैनेजर पांडेय, पुलिस अधीक्षक, देहरादून, को उस घटना की तुरन्त सूचना दी गई। सूचना मिलने पर उन्होंने अनुकूल कार्रवाई की और उस पुलिस दल के साथ गए जो सफलतापूर्वक घटनास्थल की तरफ जा रहा था। जब पुलिस दल घटनास्थल के निकट पहुंचा तो उन्होंने कुछ बातचीत सुनी। श्री पांडेय ने अपराधियों को ललकारा जिन्होंने पुलिस दल पर गोली चला दी जिसके फलस्वरूप श्री पांडेय की अंगुलियों पर गहरी चोटें आईं। तब अपराधी एक नाले के शुष्क तल की तरफ वापिस गए। श्री पांडेय ने पुलिस दल सहित अपराधियों का पीछा किया। तब परस्पर गोलीबारी होती रही और पुलिस द्वारा इस मुठभेड़ में दो अपराधी मारे गए। अपराधियों से एक एस० बी० बी० एल० बन्दूक, एक सी० एम० पिस्तौल, एक हथगोला और गोला-बारूद बरामद किया गया।

श्री मैनेजर पांडेय, पुलिस अधीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 12 फरवरी, 1983, से दिया जाएगा।

के० सी० सिंह, राष्ट्रपति का उप-सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 9 अप्रैल 1985

सं० 44-प्रेज/85—राष्ट्रपति केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री आर० नारायणन,
नायक सं० 7111262,
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

11 दिसम्बर, 1982, को मध्याह्न लगभग 1.45 बजे दो अज्ञात सशस्त्र युवक भारतीय स्टेट बैंक की नामरप शाखा में घुस गये तथा बन्दूक की नोक पर 5.20 लाख रुपए लूट लिए। भागने से पूर्व अपराधी बाहर से बैंक के दरवाजे पर ताला लगा गए। किन्तु बैंक कर्मचारी पिछले दरवाजे से भागने में सफल हो गए तथा उन्होंने सहायता के लिए पुकार की। स्कूटर पर सवार अपराधियों का राहगीरों ने पीछा किया। एक अपराधी हिन्दुस्तान उर्वरक निगम (एच०एफ०सी०) के एक अभियन्ता को बन्दूक दिखा कर उसके वाहन पर सवार हो गया और उसे वाहन को शहर के बाहरी क्षेत्र की तरफ ले जाने के लिए धमकी दी। अन्य अपराधी, जिसके पास नोटों से भरा एक थैला था, हिन्दुस्तान उर्वरक निगम के आवासीय परिसर की तरफ दौड़ा और सवार होने के लिए जनरल मैनेजर की कार को रोका। कार के अन्दर नायक आर० नारायणन, सुरक्षा गार्ड, को जनरल मैनेजर के साथ देख कर अपराधी ने उस पर गोली चलाई। श्री नारायणन ने भी जवाब में गोली चलाई। तत्पश्चात एक दूसरे पर गोलियां चलाई गईं और इसी दौरान श्री नारायणन की दाईं जांघ पर गोली लगी। अपनी चोट की परवाह न करते हुए वे अपराधी का पीछा करते रहे और अन्त में स्थानीय निवासियों की सहायता से उसे पकड़ लिया। अपराधी से लूटी गई धनराशि वाले थैले को बरामद किया जिसे पुलिस अधिकारी को सौंप दिया गया।

इस प्रकार श्री आर० नारायणन, नायक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 11 दिसम्बर, 1982, से दिया जाएगा।

गु० नीलकण्ठन
राष्ट्रपति का उप सचिव

योजना मंत्रालय

सांख्यिकी विभाग

नई दिल्ली-1, दिनांक 14 मार्च 1985

एडेंडम

सं० एम०-13016/12/84-समन्वय—नई दिल्ली, दिनांक कृपया कीमतें तथा जीवन निर्वाह लागत सांख्यिकी संबंधी तकनीकी सलाहकार समिति के गठन के बारे में इस विभाग की दिनांक 22-8-1984 की अधिसूचना सं० एम०-13016/12/84-समन्वय के पैरा-1 की क्रम सं० 17 के बाद निम्नलिखित जोड़ें:—

18. आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशक,
महाराष्ट्र सरकार,
डी० डी० बिल्डिंग, पुराना कस्टम हाऊस,
बम्बई-400023।

आर० एम० सुन्दरम, अवर सचिव

पेट्रोलियम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 21 मार्च 1985

संकल्प

सं० 14016/1/77-पी० सी०-III—भारत सरकार ने योजना आयोग के भूतपूर्व सदस्य डा० जी० वी० के० राव की अध्यक्षता में दिनांक 7 मार्च, 1981 को भारत के राजपत्र (असाधारण) के भाग 1 में प्रकाशित संकल्प द्वारा कृषि में प्लास्टिक के उपयोग पर राष्ट्रीय समिति का गठन किया था। दिनांक 18 जनवरी, 1983 के संकल्प द्वारा इस समिति की अवधि 7 मार्च, 1983 से दो वर्षों के लिए बढ़ाई गई थी। सरकार ने अब इस समिति की अवधि 31 मार्च, 1985 तक आगे और बढ़ाने का निर्णय किया है।

आदेश

आदेश है कि संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ शासित प्रदेशों के प्रशासन, लोक सभा और राज्य सभा सचिवालयों और भारत सरकार के सम्बन्धित मन्त्रालयों और विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश है कि यह संकल्प भारतीय राजपत्र के जन-साधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किया जाए।

आर० विश्वनाथन, डैस्क अधिकारी

उद्योग और कम्पनी कार्य मंत्रालय

कम्पनी कार्य विभाग

नई दिल्ली-1, दिनांक 26 मार्च 1985

आदेश

सं० 27/9/85-सी० एल०-2—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209-क की उप-धारा (1) खंड (ii) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा कम्पनी कार्य विभाग के श्री वी० एस० [illegible], संयुक्त निदेशक लेखा और श्री टी० अमरनाथ, सहायक निरीक्षण अधिकारी, को उक्त धारा 209क के उद्देश्यों के लिए प्राधिकृत करती है।

2. केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री वी० एस० [illegible] निदेशक, जांच के पक्ष में पहले जारी किए गए आदेश संख्या 23/1[illegible]/81-सी० एल०-2 दिनांक 12-7-84 को रद्द करती है।

[illegible] एल० प्रभास, अवर सचिव

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 13 मार्च 1985

संकल्प

सं० 51-1/84-एल० डी० टी० (आर० पी०)—भारत सरकार ने देश में खुरपका तथा मुंहपका रोग विषाणु उपप्ररूप की व्यापकता का अध्ययन करने तथा टीके की प्रतिजनी क्षमता का मूल्यांकन करने, आदि के लिए खुरपका तथा मुंहपका रोग के संबंध में एक कृतक दल का गठन करने का निर्णय किया है। कृतक दल का गठन निम्न प्रकार होगा:—

1. डा० एम० एन० मेनन, पशुपालन आयुक्त (एक्स)	अध्यक्ष
2. डा० एस० रामचन्द्रन, सलाहकार, बायो-टैक्नोलोजी बोर्ड, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, प्रौद्योगिकी भवन, मेहरोली रोड, नई दिल्ली।	सदस्य
3. एन० डी० डी० बी० की विनिर्माण संबंधी एकक, अर्थात् भारतीय प्रतिरक्षात्मक एकक से एक प्रतिनिधि	सदस्य
4. भारतीय पशु-चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) से एक प्रतिनिधि	सदस्य
5. परियोजना समन्वयक, खुरपका तथा मुंहपका रोग के सम्बन्ध में सरल-विज्ञान संबंधी अध्ययन के लिए अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना, बंगलौर	सदस्य
6. एन० डी० डी० बी० के विपाणु प्ररूप केन्द्र का एक प्रतिनिधि	सदस्य
7. खाद्य एवं कृषि संगठन का एक प्रतिनिधि	सदस्य
8. पशु विषाणु अनुसंधान संस्थान से एक प्रतिनिधि (वर्ल्ड रीफ्रेन्स लेबोरेट्री, यू० के०)	सदस्य
9. डा० एन० सी० अहलूवा, संयुक्त आयुक्त (एल० एच०), कृषि और सहकारिता विभाग, नई दिल्ली।	सदस्य-सचिव

कृतक दल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मुख्यालय के पशु-स्वास्थ्य अनुसंधान से संबंधित प्रतिनिधियों, राज्य के पशुपालन विभागों के निदेशकों, राज्य डेरी सहकारी संघों से एक तकनीकी प्रतिनिधि तथा खुरपका और मुंहपका रोग के टीके बनाने वाली दो यूनिटों (हेक्स्ट तथा वैप) में से प्रत्येक से एक-एक प्रतिनिधि को विशेष आमंत्रितों के रूप में आमंत्रित कर सकता है और अपनी सिफारिशों को तैयार करते समय उनके द्वारा रखे गए विचारों पर विचार कर सकता है।

खुरपका और मुंहपका रोग से संबंधित कृतक दल के विचारार्थ विषय निम्नलिखित होंगे:—

1. [illegible] खुरपका और मुंहपका रोग की महामारी विज्ञान में [illegible] विशेष रूप से [illegible] खुरपका-मुंहपका रोगों के [illegible]।

1.2 [illegible] "रोग" [illegible] उत्पादन के लिए [illegible] किए जाने वाले प्ररूप के विषाणु विकृतियां

का अध्ययन करना, ताकि देश में सक्रिय प्ररूप ए की विकृतियों की किस्मों का प्ररूप तथा उप-प्ररूप पर इसके प्रभावों का पता लगाया जा सके।

1.2 देश में प्ररूप की विकृतियों के विभिन्न प्रयोगक्षेत्रों की तुलना करने के मापदंडों की जांच करना।

1.3 इस तथ्य का जायजा लेना कि प्ररूप और उप-प्ररूप के संबंध में अपनाई जा रही विधियां स्वीकृत अन्तर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप है कि नहीं, यदि नहीं तो उसके संबंध में उपयुक्त सिफारिशें करना।

1.4 निष्कर्षों के आधार पर देश में खुरपका और मुंहपका रोग के टीकों के लिए आवश्यक विशेषकर टीकों में शामिल की जाने वाली प्ररूप ए की विकृतियों के संदर्भ में, सम्मिश्रण और योजक शक्ति के संबंध में सिफारिशें करना।

2.0 खुरपका-मुंहपका रोग के संबंध में राष्ट्रीय महत्व की प्रयोगशाला के रूप में विकसित होने की क्षमता रखने वाली प्रयोगशाला, जो कि निम्नलिखित के प्रति उत्तरदायी होगी, का पता लगाने के उद्देश्य से देश में खुरपका-मुंहपका रोग के नियंत्रण और अनुसंधान से संबंधित विभिन्न प्रयोगशालाओं में उपलब्ध भौतिक सुविधाओं अर्थात् रोग सुरक्षा तथा प्रतिरक्षण सुरक्षा की सुविधाओं का अध्ययन करना;

(क) प्रयोगक्षेत्रों में खुरपका-मुंहपका रोग का निरन्तर प्ररूप से प्रबोधन करना, और

(ख) विषाणुओं की विदेशी विकृतियों का संचालन करना, विषाणु बैंकों का रख-रखाव, टीकों के निर्माण के लिए टीकों के विनिर्माता के लिए उपयुक्त विषाणु विकृतियों का उत्पादन करना तथा उनकी आपूर्ति करना।

2.1 उपरोक्त समस्या के अल्पावधि और दीर्घावधि समाधान के संबंध में सिफारिशें करना।

कृतक दल अपनी कार्य पद्धति तैयार करेगा तथा देश में उपयुक्त स्थानों पर अपनी बैठक करेगा।

कृतक दल की बैठकों में भाग लेने के लिए कृतक दल के सदस्यों (विदेशी विशेषज्ञों के अतिरिक्त) का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता का व्यय भार, उनके अपने संबंधित विभाग वहन करेंगे। अध्यक्ष को यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता का भुगतान उस दर पर किया जाएगा, जिस दर पर कि भारत सरकार के उच्च वर्ग के अधिकारियों को दिया जाता है।

कृतक दल अपनी रिपोर्ट उसके गठन की तिथि से दो मास की अवधि के अन्तर्गत प्रस्तुत करेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति राज्य सरकारों संघ शासित प्रदेशों के पशु-पालन के सभी सचिवों तथा निदेशकों और भारत सरकार के विभागों व मंत्रालयों, योजना आयोग, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, लोक सभा सचिवालय तथा राज्य सभा सचिवालय को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को जनसाधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

विष्णु भगवान, संयुक्त सचिव

(ग्रामीण विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 28 मार्च 1985

संकल्प

सं० ई० 11011/15/80-हिन्दी—भारत सरकार ने पूर्ववर्ती ग्रामीण विकास मंत्रालय के 21 जुलाई, 1981 तथा 11 अप्रैल, 1983 के संकल्प संख्या ई-11011/15/80-हिन्दी के अन्तर्गत गठित ग्रामीण विकास मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति को समाप्त करने का निर्णय किया है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रति समिति के सभी सदस्यों/सभी राज्य सरकारों और केन्द्र शासित क्षेत्र प्रशासनों, प्रधानमंत्री सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक और भारत के सभी मंत्रालयों/विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की सूचना के लिए संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

नरेन्द्र पाल सिंह, उप सचिव

संचार मंत्रालय

(डाक-तार बोर्ड)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 28 मार्च 1985

सं० 26-32/84-एल० आई०—राष्ट्रपति सहर्ष यह निदेशक देते हैं कि इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से डाक जीवन बीमा तथा सावधि जीवन बीमा से संबंधित नियमों में निम्नलिखित संशोधन किया जाएगा, अर्थात

उपरोक्त नियमों में,

(क) वर्तमान नोट-9 के नीचे नियम 22 में नोट 10 के बतौर एक नया नोट रखा जाए जो निम्न प्रकार है :—

"नोट-10 पोस्टमास्टर जनरल अपने सर्किल के विकास अधिकारी को इस स्पष्ट शर्त पर प्रस्तावक से प्रथम प्रीमियम की अग्रिम राशि वसूल करने के लिए प्राधिकृत कर सकते हैं कि उनके जीवन में घटने वाली किसी भी दुर्घटना की तारीख इस उद्देश्य के लिए नियमों के अधीन पोस्टमास्टर-जनरल द्वारा प्रस्ताव को स्वीकार करने की तारीख से पहले नहीं मानी जाएगी। पोस्टमास्टर जनरल द्वारा प्रस्ताव को स्वीकार करने की तारीख ही वह तारीख मानी जाएगी जिस दिन से पालिसी के अंतर्गत जोखिम शामिल किया जाएगा।"

बी० एन० सोम, निदेशक (पी० एल० आई०)

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 29 मार्च 1985

सं० क्यू०-16012/1/84-डब्ल्यू० ई० (एन० एल० आई०)—स्टैंडिंग कांफ्रेंस आफ पब्लिक इन्टरप्राइजिज के श्री आर० सी० दत्त के राष्ट्रीय श्रम संस्थान की महा परिषद से त्यागपत्र के परिणामस्वरूप, भारत सरकार स्टैंडिंग कांफ्रेंस आफ पब्लिक इन्टरप्राइजिज के श्री वारिस आर० किदवई को राष्ट्रीय श्रम संस्थान की महा परिषद् के सदस्य के रूप में नियुक्त करती है।

अतः भारत के राजपत्र के भाग I—खंड 1 में प्रकाशित श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या क्यू०-16015/1/82-डब्ल्यू० ई० (एन० एल० आई०) दिनांक 29/30 अक्तूबर, 1982 में समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुसार निम्नलिखित परिवर्तन किए जाएं :—

वर्तमान प्रविष्टि के लिए

9. श्री आर० सी० दत्त, भा० प्र० से० (सेवा निवृत्त),
अवैतनिक सलाहकार, स्टैंडिंग कांफ्रेंस आफ पब्लिक इन्टरप्राइजिज,
8वीं मंजिल, हिमालय हाऊस, कस्तूरबा गांधी मार्ग,
नई दिल्ली।

निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाए

श्री वारिस आई० किदवई,
महा सचिव, स्टैंडिंग कांफरेंस आफ पब्लिक एन्टरप्राइजिज,
ए/81, हिमालय हाऊस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली ।

सं० क्यू०-16012/2/85-डब्ल्यू० ई० (एन० एल० आई०)—राष्ट्रीय श्रम संस्थान के, जो सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (पंजाब संशोधन अधिनियम, 1957) के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी है, नियम और विनियमों के नियम ix (i) (क) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के सचिव श्री एम० एस० भटनागर को श्रम और पुनर्वास मंत्रालय, नई दिल्ली के सचिव श्री बी० जी० देशमुख, जिन्होंने 6-3-1985 (पूर्वाह्न) से उक्त पद का कार्यभार छोड़ दिया है, के स्थान पर राष्ट्रीय श्रम संस्थान की कार्यकारी परिषद् का अध्यक्ष नियुक्त करती है ।

चिंता चोपड़ा, निदेशक

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 6th April 1985

No. 38-Pres./85.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Delhi Police :—

Name and rank of the Officer

Shri Ram Chander Singh, (Posthumous)
Constable No. 614/N,
Delhi Police.

Statement of services for which the decoration has been awarded

